# अतिरुद्र महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा आज से

## निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**नवभारत, हटा/ दमोह। उपकाशी नगर हटा की पावन पुण्य धरा पर देव श्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में आयोजित होने जा रहे श्री श्री 18 श्री अति रुद्र महायज्ञ व श्रीमद भागवत कथा के भव्य आयोजन की तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। बताया गया है कि कथा के लिए दद्दा कला मंच व यज्ञ शाला की साज सज्जा पूर्ण हो चुकी है। कार्यक्रम के बारे में कुँ पुष्पेंद्र सिंह हजारी ने बताया कि अतिरुद्र महायज्ञ यज्ञाचार्य पं.डॉ मथुरा प्रसाद शुक्ल वाराणसी के निर्देशन में होगा व श्रीमद भागवत कथा व्यास पं.डॉ अनिल शास्त्री जी द्वारा सम्पन्न की जाएगी।**

इसी क्रम में भव्य कलश यात्रा पारम्परिक रूप में आज दिनांक 05 दिन गुरुवार 2026 को दोपहर 1:30 बजे से सुनार नदी के पावन तट स्थित देव श्री भूतेश्वर सरकार के मंदिर से प्रारम्भ होकर बजरिया होते हुए देव श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में पहुंचेगी। जिसमे सभी नगर वासियो व क्षेत्रवासियों से शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। ज्ञात हो कि 6 फरवरी से प्रात: 7 बजे से शिवलिंग निर्माण व प्रात: 8 बजे से हवन एवं दोपहर 11 बजे रुद्र अभिषेक तथा विसर्जन प्रतिदिन सम्पन्न होगा। वही पं. डॉ अनिल शास्त्री के मुखारविंद से 9 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक श्रीमद भागवत कथा श्रवण पान श्रोताओ को कराया जाएगा।






इसी के साथ 15 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन पुण्य अवसर पर भव्य शिव बारात का आयोजन और धार्मिक अनुष्ठान को पूर्णाहुति दी जाएगी। इस 10 दिवसीय धार्मिक आयोजन में सभी से बढ़चढ़कर शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील महायज्ञ एवं भागवत कथा आयोजन समिति द्वारा की गई है। बुधवार को आयोजन की तैयारियां होने पर भव्य रूप से श्री सुंदरकांड एवं देवी जाप के आयोजन के साथ भगवान दूल्हा भेष धारी देव श्री गौरीशंकर भगवान की भव्य आरती की गई।



## अनियंत्रित होकर जीप पलटी

**नवभारत ,मडियादो /दमोह.** मडियादो चोरइया मार्ग पर कस्बे से दो किमी दूर अनियंत्रित होकर बुलेरो गाड़ी पलट गई। इस हादसे में तीन लोग आंशिक रूप से घायल हो गए वही अन्य सवार सुरक्षित बच गए। घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ सेवा वाहन 108 के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ केंद्र मडियादो लाया गया। जानकारी के अनुसार मडियादो थाना क्षेत्र अंतर्गत तीदनी गांव निवासी तुलसा यादव,काशीबाई, ओर हल्की बहु चौरईया मार्ग पर मडियादो की ओर आ रहे तभी जीप पलट गई ओर यह घायल हो गए। वहीं स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# एक दशक उपरांत दमोह की धरती पर जीवन मुक्त सतगुरु के पावन दर्शन

**नवभारत,दमोह। 9 फरवरी को दमोह की पावन धरती पर जीवन मुक्त सतगुरु साई ईश्वर शाह साहिब का आगमन होने जा रहा है, जो 10 वर्ष 11 माह के लंबे अंतराल के बाद हो रहा है।इस अवसर पर दमोह और आसपास के क्षेत्रों में अपार उत्साह और श्रद्धा का माहौल है।**



### भव्य शोभायात्रा और सत्संग का आयोजन

9 फरवरी की शाम 7 बजे सतगुरु साई ईश्वर शाह साहिब के पावन आगमन पर विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ गुरु चरणों में अपनी आस्था अर्पित करेंगे। इसके अलावा, 10 फरवरी सुबह 10 से तहसील ग्राउंड, दमोह में सतगुरु साहिब के पावन सानिध्य में विशाल श्हरे माधव सत्संग का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनेगा आयोजन

यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनेगा, बल्कि प्रेम, सदभाव और मानवता के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाएगा। दमोह का हर कोना सत्संगमय होगा और हर हृदय हरे माधव नाम से गूंजेगा। जीवन मुक्त सतगुरु साई ईश्वर शाह साहिब का यह आगमन दमोह के इतिहास में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का स्वर्णिम अध्याय सिद्ध होगा।

# प्रभु का मोक्ष कल्याणक व त्रिमूर्ति वेदी शिलान्यास महोत्सव आज

## श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हें मंदिर में आयोजन

**नवभारत,दमोह।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हें मंदिर जी में जैन धर्म के छठवे तीर्थंकर श्री पदम प्रभु भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव एवं त्रिमूर्ति बेदी शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन आज 5 फरवरी को प्रात: 8 बजे से मुनि श्री पदम सागर जी के ससंघ सानिध्य में किया गया है। दमोह नगर की असाटी वार्ड नंबर 2 स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में नवीन निर्माण जिर्णोद्वार कार्य तेजी से चल रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष नवीन निराला ने बताया कि यहां पर प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव भगवान आदिनाथ एवं भरत जी की पाषाण की विशाल प्रतिमा की स्थापना भगवान बाहुबली जी की प्रतिमा के साथ की जाना है।साथ ही नवीन चौबीसी का निर्माण कार्य भी किया जाना है। जिसके प्रथम चरण में आचार्य श्री विद्यासागर जी व आचार्य गुरुदेव समय सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से



उनके मुनि श्री 108 पद्मसागर व छुल्लकश्री तात्पर्य सागर जी के सानिध्य में 5फरवरी को प्रात: बेला में त्रिमूर्ति बेदी शिलान्यास का भव्य कार्यक्रम रखा गया है। इसके पूर्व प्रात:7 बजे श्री जी के अभिषेक पूजन के साथ भगवान पदम प्रभु का मस्तकाभिषेक एवं शांति धारा मुनि श्री के मुखारविंद से संपन्न होगी।तत्पश्चात निर्वाण लाडू चढ़ाकर महोत्सव मनाया जाएगा।इस अवसर पर बुधवार को मंदिर जी में मुनि संघ के सानिध्य तथा पंडित सुरेश शास्त्री व ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया के निर्देशन में श्री शांतिनाथ महामंडल विधान आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मंदिर के आसामियों ने धर्म लाभ अर्जित किया। भाई जी मंदिर एवं सिंघई मंदिर के पदाधिकारी ने मुनि श्री के समक्ष श्रीफल भेंट करके अपने अपने मंदिरों में होने वाले आयोजनों के लिए निवेदन किया।भाई जी मंदिर के अध्यक्ष पवन जैन चश्मा व बड़े मंदिर के आसामी वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद इटोरिया ने त्रिमूर्ति शिलान्यास हेतु एक-एक शिला रखने का सौभाग्य प्राप्त किया। वही परस्वाहा वाले परिवार के द्वारा अपनी पूर्व घोषित दान राशि को दुगना करने की घोषणा की गई। श्री पार्श्व नाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर के महामंत्री राजकुमार जैन रानू सकल जैन समाज से 5फरवरी को होने वाले पदम प्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव व त्रिमूर्ति बेदी शिलान्यास महोत्सव में सा परिवार शामिल होकर पुण्यार्जन की अपील की है।




## जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**नवभारत,दमोह।** उर्वरक वितरण हेतु विकास प्रणाली एवं नरवाई प्रबंधन पर जिला स्तरीय कार्यशाला स्थानीय पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि गौरव पटेल, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल, भारतीय किसान संघ के संभागीय मंत्री हेमंत पटेल की मौजूदगी में कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि गौरव पटेल ने कहा मध्य प्रदेश शासन की यह अभिनव पहल है इससे निश्चित ही किसानों को समय पर निर्धारित मात्रा में बिचौलियों से मुक्त एवं कालाबाजारी से मुक्त खाद प्राप्त होगी तथा उपस्थित सभी लोगों को नरवाई प्रबंधन पर संकल्पित होकर के कार्य करना चाहिए ताकि दमोह जिले का नाम प्रदेश में ही नहीं देश में अग्रसर हो सके। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल ने कहा मध्य प्रदेश शासन की डिजिटल क्रांति की यूरिया वितरण की ई-टोकन व्यवस्था किसानों के लिए लाभदायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा किसानों को नरवाई में आग नहीं लगना चाहिए, नरवाई प्रबंधन की विभिन्न विधियों को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ मनोज अहिरवार द्वारा कृषि की समसामयिक समस्याओं पर अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि जी.एल. अहिरवार द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# 100 मीटर दौड़ में भूमि प्रथम स्थान पर

## विकासखंड स्तरीय खेलकूद आयोजित

**नवभारत,पथरिया 4 फरवरी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित मेरा युवा भारत( माय भारत) दमोह जिला युवा अधिकारी उपनिदेशक रोहित यादव एवं लेखापाल तेजखान के मार्गदर्शन में संस्था नेहरू युवा नव जागृति नव युवक मंडल समिति ग्राम पंचायत बांसा कलां पथरिया द्वारा थीम स्वास्थ्य राष्ट्र, समृद्ध राष्ट्र पर 3 व 4 फरवरी को श्री देव बड़े हनुमान मंदिर परिसर, ग्राम बांसा कलां में विकासखंड स्तरीय खेलकूद का आयोजन किया गया।**



खलकूद के तहत 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में प्रथम स्थान भूमि पटेल, द्वितीय स्थान रिया पटेल, तृतीय स्थान पूर्वी खटीक, 200 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान ओमप्रकाश शर्मा, द्वितीय स्थान अनोक्ष विश्वकर्मा, तृतीय स्थान गौरव नामदेव, गोला फेंक महिला वर्ग में प्रथम स्थान सीता राठौर, द्वितीय स्थान नेहा अहिरवार, तृतीय स्थान राधा काछ, गोला फेंक पुरुष वर्ग में प्रथम अजय कुर्मी, द्वितीय स्थान दुर्गेश कुर्मी, तृतीय स्थान गोलू अहिरवार ने हासिल किया।

### कुर्सी दौड़ रिया यादव ने जीती

वालीबॉल पुरुष वर्ग में विजेता ग्राम बोतराई, उपविजेता पथरिया, महिला वर्ग में विजेता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांसा कलां, उपविजेता में सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय पथरिया रही। खो-खो महिला वर्ग में विजेता सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय पथरिया, उपविजेता आदर्श एकलव्य पूर्व माध्यमिक विद्यालय बांसा कलां। पुरुष वर्ग में विजेता सरस्वती शिशु मंदिर पथरिया,उपविजेता शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया रही। कुर्सी दौड़ में विजेता रिया यादव रहीं। कार्यक्रम का संचालन संस्था अध्यक्ष घनश्याम पटेल तथा आभार प्रदर्शन बसंत पटेल ने किया।

### एक नजर में

## मुख व स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग व बचाव संबंधी जागरूकता संदेश दिया गया

नवभारत,दमोह। विकासखंड हिण्डोरिया के आयुष्मान आरोग्य मंदिर जमुनिया हजारी में मुख कैंसर व स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग व कैंसर से बचाव संबंधी जागरूकता संदेश दिया गया। सीएचओ ने गालों के भीतरी हिस्सों, ऊपरी व निचले होंठों में घाव या चकत्तों की जांच की गई। स्क्रीनिंग दौरान बताया कि तंबाकू और सुपारी का सेवन करने वाले लोगों को कैंसर के होने की संभावना अधिक होती है।

**रंगोली और पोस्टर के माध्यम से कैंसर से बचाव का दिया गया संदेश**

विकासखंड तेन्दूखेड़ा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर सांगा में रंगोली के माध्यम से ग्रामीणजनों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, सिगरेट, नशीले पदार्थों के सेवन से दूरी तथा दिनचर्या में योग, व्यायाम को शामिल करने प्रेरित किया गया। इसी प्रकार ससनाकलां में पोस्टर के माध्यम से कैंसर से बचाव का संदेश दिया गया।विकासखंड पथरिया के आयुष्मान आरोग्य मंदिर सरखड़ी मे मुह के कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। पोस्टर के माध्यम से कैंसर से बचाव संबंधी संदेश ग्रामीणजनों को दिया गया।

## मप्र रजक समाज सहयोग संघ द्वारा 23 को बांदकपुर धाम में संत गाडगे महाराज जयंती का आयोजन

नवभारत,दमोह। म.प्र. रजक समाज सहयोग संघ अध्यक्ष रामलाल प्रणामी की सहमति से म.प्र. रजक समाज सहयोग संघ के तत्वाधान में 23 फरवरी 2026 को बाँदकपुर धाम स्थित रजक धर्मशाला प्रांगण में राष्ट्रीय संत श्री गाडगे जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में जानकारी देते हुये संघ उपाध्यक्ष मनोज पहलवान ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हमारे आराध्य राष्ट्रीय संत श्री गाडगे जी महाराज की जयंती के अवसर पर बाँदकपुर धाम स्थित रजक धर्मशाला प्रांगण में प्रथम बार 23 फरवरी 2026 को दोपहर 1:00 बजे से संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें समाज के लोग एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। म.प्र. रजक समाज सहयोग संघ ने जिले के समस्त स्वजातीय बंधुओं से राष्ट्रीय संत श्री गाडगे जी महाराज की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।



## बाल शोध कार्यक्रम में छात्रों ने लगाई कृषि वनोपज ओर नजरी नक्शा से जुड़ी प्रदर्शनी

नवभारत,मडियादो/दमोह. बाल शोध कार्यक्रम का आयोजन माध्यमिक शाला मडियादो में किया गया जिसमें छात्रों द्वारा कृषि से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सहित वनोपज महुआ ओर कस्बे के नजरी नक्शा की प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई। छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रदर्शनी की उपस्थित अतिथियों द्वारा सराहना की गई। प्रदर्शनी के साथ छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। वनोपज महुआ को लेकर छात्रों द्वारा उसके आयुर्वेद में फायदे, आय का साधन सहित अन्य उपयोग बताए गए। इसी तरह परंपरागत कृषि के फायदे बताए गए। वर्तमान में कृषि में उपयोग हो रही दवाएं, खाद के उपयोग से स्वास्थ पर पड़ने वाले असर बताए गए । पेड़ लगाओ जिंदगी बचाओ की थीम पर नाट्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वनों के लगातार दोहन से पर्यावरण पर पड़ रहे असर को प्रदर्शनी में दिखाया गया। इस दौरान संकुल प्राचार्य रवि दुबे, डॉ रामगोपाल सोनी, पूर्व बीईओ एससी छिरोलिया भाजपा मंडल अध्यक्ष मडियादो कमलेश चौदह, जिला पंचायत सदस्य अभिषेक जैन, सरपंच राधा रानी अहिरवार, सियाराम छिरोलिया, कैलाश अग्रवाल, अंशुल छिरोलिया,संतोष अग्रवाल, केदार राजपाली, अजित जैन, सहित प्रधान अध्यापक जानकी शरण मिश्रा शिक्षक राकेश मिश्रा, नर्मदा तंतुवाय, चन्द्र किरण खरे, विनीता छिरोलिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

# एसआईआर में बदले की भावना से समुदाय विशेष के कांटे जा रहे नाम

## चुनाव आयोग द्वारा घोषित एसआईआर कार्य, मतदाता सूची में चल रही मनमानी : मानक पटेल

**नवभारत, दमोह । कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने केंद्र और प्रदेश की सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुये एक स्थानीय होटल में पत्रकार वार्ता में कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित एसआईआर कार्य में मतदाता सूची में जिस प्रकार कार्य चल रहा है,उसमें नियमों को ताक पर रखा जा रहा है। हालात यह है कि प्रशासन द्वारा भाजपा के नेताओं के इशारे पर बदले की भावना से नाम कांटे जा रहे हैं।**

वर्तमान में दमोह जिले के ऐसे अनेक मतदान केंद्र हैं जहां पर मतदाताओं के नाम नियमों के विरुद्ध उचित कारण के बिना ही काटे जा रहे हैं,जो व्यक्तिगत और राजनीतिक बदले की भावना को दर्शाती है। हालात यह है कि मतदाताओं द्वारा अपने प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बाद भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है और भाजपा द्वारा प्रारूप 7 में हजारों फर्जी



आपत्त्यि दर्ज कराई गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने बताय कि दमोह विधानसभा में 2891, हटा में 1308, जबेरा में 1301 और पथरिया में 1501 आपत्तिया दर्ज की गई है, आपत्तिकर्ताओं पर दूरभाष पर चर्चा कही गई तो आपत्तिकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि उन्होने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई है जबकि अनेक आपत्तिकर्ता जिले या प्रदेश के बाहर के है। यह पूरी प्रक्रिया भाजपा प्रायोजित साजिश है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार सभी मोर्चे पर विफल नजर आ रही है, और ऐसा कोई भी कार्य नहीं है जिसके आधार पर सरकार जनहितैषी नजर आए। आम जनमानस परेशान है,महंगाई चरम पर है, रोजगार के मामले में किसी भी प्रकार की कोई कार्य योजना नजर नहीं आ रही है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में भी आम जनमानस को कोई राहत प्रदान नहीं दी गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि मताधिकार छीनने और जनहित योजनाओं से जनता को वंचित करने की भाजपा की हर साजिश का कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक डटकर विरोध करेगी। लोकतंत्र और जनता की लड़ाई कांग्रेस पूरी ताकत से लड़ेगी।इस अवसर पर दमोह कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व विधायक प्रताप सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, राव बृजेन्द्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, प्रदीप खटीक,लाल चंद राय, प्रदीप पटेल,परम यादव, तिलक सिंह,प्रफुल्ल श्रीवास्तव, नितिन मिश्रा, पप्पू कसौटिया,हेमराज पार्षद, रफीक खान, जीशान पठान, डालचंद कुशवाहा, श्रीकान्त पटेल, नीलेश यादव, व समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

**आयोजन** | **तिरंगे की छांव में दिखी उद्योग-ग्राम की एकता**

# ध्वजारोहण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही

**नवभारत,गैसाबाद/दमोह.देश भर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व गरिमा के साथ मनाया गया.इसी कड़ी में गैसाबाद में पहली बार जेएसडब्ल्यू सीमेंट कंपनी द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया.इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद शर्मा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के पश्चात तिरंगे को सलामी दी.**इस अवसर पर प्लांट प्रोजेक्ट हेड देवेंद्र शर्मा व अन्य कंपनी के अधिकारीगण राहुल वर्मा, आशीष झा, विकास कुमार,आशीष तिवारी, अमित कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण व उनके परिवारजन



उपस्थित रहे.

बच्चों व कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया.समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्यामसुंदर रावत, लक्ष्मण तिवारी, रिंकू श्रीवास्तव, जमुना पटैल, प्रमोद जैन व ग्राम पंचायत गैसाबाद की सरपंच ललिता विनोद अहिरवार उपस्थित रहीं, जिनका कंपनी प्रबंधन द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया. कार्यक्रम में ग्रामीणजनों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिनमें रणधीर दहिया, मुकेश पटेल, जितेंद्र चौरासिया, नरेंद्र दुबे, जयकुमार जैन, सोमचंद जैन, भागीरथ पटेल, विजय जैन, गजेंद्र सिंह राजपूत, योगेंद्र सोनकिया सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए.जेएसडब्ल्यू सीमेंट द्वारा आयोजित यह पहला गणतंत्र दिवस समारोह उद्योग और ग्रामीण समाज के बीच समन्वय व सहयोग का सशक्त उदाहरण है.

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बांदकपुर में बैठक

## अधिकारियों व मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश



### कलेक्टर और एसपी ने कहा पर्याप्त पुलिस बल के साथ अन्य व्यवस्थाओं के रहेंगे इंतजाम

**नवभारत,दमोह.** आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी और मंदिर ट्रस्ट के साथ बांदकपुर में एक बैठक ली. इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे,एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीएम आरएल बागरी,तहसीलदार प्रीतम सिंह, मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश मेहता, उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, सचिव पंकज हर्ष श्रीवास्तव, प्रबंधक पं.रामकृपाल पाठक,केदारनाथ दुबे,कुंजीलाल डिम्हा, पंडित रामप्रताप, सदस्य उमा प्रसाद असाटी,सदस्य गोविन्द तिवारी, नीलमणि दीक्षित, दीवान चंद्रभान सिंह, अखिलेश चांदोरकर, सीएमएचओ ऑफिस से डॉक्टर रैक्शन एल्बर्ट ,पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार अठिया, एमपीवी वीरेंद्र सिंह, भोजराज दुबे, अमित अहिरवार, मोहित जैन, गजेंद्र सिंह नगर पालिका हिंडोरिया,राजेंद्र खरे सीएमओ हटा, जनपद एसडीओ महेंद्र सिंह, आबकारी रवींद्र खरे, सहा.केपी गांधी, कलेक्टर सहयोगी शाश्वत असाटी, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, यातायात दलबीर सिंह मार्को, चौकी प्रभारी बांदकपुर राजेंद्र मिश्रा,राजस्व निरीक्षक लक्ष्मण मिश्रा, पटवारी आशीष साहू, होमगार्ड/एसडीआरएफ जोगेश विश्वकर्मा, शंकर गौतम, नरेश साहू, नरेंद्र पाठक,सीएल चोपड़ा एमपीवी, हरिनारायण साहू, राजकुमार दुबे,आशीष साहू, हरिशंकर पटेल बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी और मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन के साथ सभी ट्रस्टी गण उपस्थित थे. कलेक्टर ने महाशिवरात्रि पर्व को लेकर एक-एक बिंदुओं पर चर्चा की. उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को ट्रस्ट प्रबंधन को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए.

# हटा-पथरिया क्षेत्र के पात्र किसानों को शीघ्र मिलेगा भुगतान : कलेक्टर

**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान कल्याण योजना के अंतर्गत हटादृपथरिया क्षेत्र के जिन किसानों का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है, उनमें से सभी पात्र किसानों की संपूर्ण जानकारी शासन को भेज दी गई है। उन्होंने कहा 5 फरवरी की रात तक सभी पात्र किसानों के खातों में भुगतान कर दिया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि यदि 5 फरवरी के बाद भी किसी पात्र किसान का भुगतान शेष रह जाता है, तो ऐसे किसान 6 फरवरी से दमोह हेल्पलाइन पर संदेश भेजकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त प्रकरणों की प्रकरण-दर-प्रकरण जाँच की जाएगी और पात्रता अथवा अपात्रता की स्थिति से संबंधित जानकारी किसानों को दी जाएगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का प्रयास है 5 फरवरी की रात तक सभी पात्र किसानों का भुगतान सुनिश्चित हो जाए तथा इसके बाद शेष मामलों में भी जाँच उपरांत पात्र किसानों को निश्चित रूप से योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।